## पेट में कपड़ा छोड़ा सो अलग, बीएमओ ने जारी किए नोटिस

# नार्मल डिलीवरी के बाद भी देने पड़े 43 सौ रूपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



चांदामेटा के सरकारी सिविल अस्पताल में एक महिला को नार्मल डिलीवरी हुई । उसके बाद भी महिला के पति को डॉक्टर सही अस्पताल स्टॉफ पर 43 सौ रूपये खर्च करने पड़े । वहीं प्रसूता के पेट में कपड़ा छोड़ दिया गया सो अलग । अब ब्लाक मेडिकल ऑफिसर (बी एम ओ) ने नोटिस जारी किए हैं और जांच कमेटी भी गठित की है ।मरीजों को लूटने के नाम से एक ओर जहां निजी अस्पताल बदनाम हैं , वहीं सरकारी अस्पताल भी कम नहीं है ।

जिसकी बानगी चांदामेटा सिविल अस्पताल में बीते दिनों एक महिला को डिलीवरी होने के बाद सामने आई है । वह भी इसलिए कि डिलीवरी कराने वाले स्टॉफ की लापरवाही के चलते प्रसूता के पेट में कपड़ा छूट गया और उसके घर जाने के बाद प्रसूता की तबियत बिगड़ी और उसे छिंदवाड़ा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहां डॉक्टर ने प्रसूता के पेट में कपड़ा होने के चलते इन्फेक्शन फैलने की बात प्रसूता के परिजनों को बताई गई । दरअसल उमरेठ क्षेत्र के इटावा की एक 26 वर्षीय महिला को दूसरी बार गर्भवती होने के बाद डिलीवरी के लिए 17 नवंबर को चांदामेटा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया । जहां महिला ने 18 नवंबर की रात एक बेटी को जन्म दिया । 20 नवंबर को उसकी छुट्टी हो गई । उसके बाद महिला की तबियत बिगड़ी और उसे इलाज के लिए छिंदवाड़ा ले गए । जहां पेट में कपड़ा होने की बात सामने आई । जिसके बाद महिला के पति कैलाश साहू ने मामले की शिकायत सी एम हेल्पलाइन में की और यह भी बताया , कि सिविल अस्पताल में उसे डॉक्टर सहित अन्य स्टॉफ को पैसे देने पड़े । उसने अस्पताल में 43 सौ रूपये दिए । जिससे साफ जाहिर है , कि सरकारी अस्पतालों में भी मरीजों से पैसे लिए जाते हैं ।

### दिए नोटिस, गठित हुआ जांच दल

परासिया विकास खंड चिकित्सा अधिकारी (बी एम ओ) अंकित सहलाम ने बताया , कि इस मामले में अस्पताल अधीक्षक को नोटिस दिया जाकर जानकारी मांगी गई है । साथ ही घटना वाले दिन ड्यूटी नर्सों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है । प्रसूता के पेट में कपड़ा छोड़े जाने और पैसे लिए जाने के मामले में जांच के लिए टीम गठित की गई है । इस मामले में जो लोग भी दोषी होंगे , उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

### जांच टीम में हैं चार सदस्य

बीएमओ डाक्टर अंकित सहलाम ने बताया , कि चार सदस्यों की जांच कमेटी बनाई गई है । इसमें चिकित्सक डाक्टर नैंसी जोसफ , बीपीएम अनूप साहू , बीसीएम राधिका भलाटी और नर्सिंग ऑफिसर आशा विश्वकर्मा को रखा गया है । टीम इस मामले में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी । इसके बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी ।

### अमरवाड़ा थाना क्षेत्र का मामला

## सिंगोड़ी बायपास में तेज रफ्तार बाइक चालक पेड़ से टकराया, मौके पर हुई मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा थाना अंतर्गत सिंगोली चौकी के छिंदवाड़ा अमरवाड़ा बाईपास में एक तेज रफ्तार बाइक चालक पेड़ से टकरा गया जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई घटना मंगलवार की देर रात्रि की बताई जा रही है जहां अमरवाड़ा के ग्राम जवाहर गांव का रहने वालासत्येंद्र पिता भोत इनवाती उम्र 28 वर्ष छिंदवाड़ा बिजली विभाग में कार्य करते थे आउटसोर्स कर्मचारी हैं वापस अपने घर जा रहे थे तभी वह सिंगोड़ी बाईपास में पेड़ से टकरा गया और झाड़ियां में जा गिरा जिसकी वजह से उसकी गाड़ी बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हुई है और उसके चेहरे में चोट के निशान है और उसकी मौके पर मौत हो गई है बुधवार को सुबह जब आसपास के लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचित किया सिंगोड़ी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक केशव को अमरवाड़ा अस्पताल पहुंचाया और जिसकी जानकारी आसपास के क्षेत्र में दी गई और युवक की पहचान हुई परिजनों ने अमरवाड़ा हॉस्पिटल पहुंच गए पुलिस ने मारा कायम कर जांच विवेचना में लिया शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों कोसौंप दिया।



## बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन, बजरंग दल के कार्यकर्ता पर हुए हमले का विरोध

**छिंदवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला महाकौशल प्रांत बजरंग दल विभाग संयोजक शैलेष यदुवंशी ने बताया कि जबलपुर में जो घटना घटित हुई है पूर्व मंत्री कांग्रेस लखन लाल धनोरिया विधायक के द्वारा प्रभु श्री राम माता सीता हनुमान जी महाराज के ऊपर अभद्र भाषा में पुस्तक प्रकाशित कर बाटा जा रहा था। जिसका विरोध विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया जिसे लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के ऊपर मॉब लिंचिंग किया गया। इसका विरोध 25 नवंबर को जबलपुर में विश्व हिंदू परिषद एवं पूज्य संत समाज के द्वारा किया गया। महाकौशल प्रांत आदेश अनुसार सभी जिला मुख्यालय में सनातन धर्म एवं प्रभु श्री राम जी के खिलाफ अपशब्द लिखकर पुस्तक बांटने एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के ऊपर हमला करने की विरोध में आज विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने जिला कलेक्टर एवं **SP** साहब को ज्ञापन देकर **FIR** दर्ज कराया गया। ज्ञापन सौंपते समय मुख्यरूप से संत नागेन्द्र ब्रह्मचारी जी बजरंग दल विभाग संयोजक शैलेष यदुवंशी, प्रांत सह सेवा प्रमुख कीर्ति रघुवंशी, विहिप प्रांत सदस्य अजय वन्देवार, प्रशांत छोटू पाल,विहिप जिला उपाध्यक्ष गुड्डा रघुवंशी, जिला सह मंत्री रुपेश लांजीवार, हिमाचल ठाकुर, बजरंग दल जिला संयोजक गौरव सेन, सह संयोजक निर्भय पटेल, जिला गौरक्षा प्रमुख आकाश कहार, जिला सुरक्षा प्रमुख रविराज भारद्वाज, जिला विद्यार्थी प्रमुख हिमालय दहाड़े, जिला बलउपासना प्रमुख रितेश वर्मा नगर उपाध्यक्ष सुधीश सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष अमन ढाकरे, नगर मंत्री युवराज सूर्यवंशी, प्रखंड संयोजक चौरई मनीष रघुवंशी, शिवम बन्देवार, अक्षय धुर्वे आशीष सिंगारे मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी की बहने सैकड़ों विहिप बजरंगदल कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंततः दर्ज हुई चोरी की घटना की एफआईआर

**आवेदन सीएम हेल्पलाइन, एसपी, डीआईजी और ई एफआईआर के सवा महीने बाद दर्ज हुआ मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




तहसील परिसर में गाड़ी की डिक्की में से तीन लाख चालीस हजार के चोरी के मामले में अंततः एफआईआर कोतवाली पुलिस द्वारा दर्ज कर ली गई है। हरिभूमि में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद एक महीना आठ दिन होने के बाद मामला संज्ञान में लिया गया है।

दरअसल आवेदिका ब्यूटी पार्लर संचालिका है और उसके द्वारा छह लाख में खेत बेचा गया था। जिसके एवज में उसे तीन लाख चालीस हजार प्राप्त हुए थे और वह एग्रीमेंट कराने के लिए तहसील कार्यालय पहुंची थी। परंतु गाड़ी की डिक्की में अज्ञात चोर द्वारा तीन लाख चालीस हजार रूपए की चोरी डिक्की तोड़कर कर ली गई थी। जिसकी लिखित शिकायत 17 अक्टूबर को ही कोतवाली में दे दी गई थी। परंतु कोतवाली पुलिस द्वारा जांच की बात कहकर एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। इस बीच चोरी के दो सप्ताह बाद ही महिला के पति का देहांत होने के कारण वह कोतवाली नहीं आई। परंतु बाद में आने के बाद भी मशक्कत के बाद एफआईआर क्रमांक 0722, 2025 दर्ज की गई है।

एसपी, डीआईजी, ईएफआईआर, सीएम हेल्पलाइन की मशक्कत के बाद ही एफआईआर दर्ज होना पुलिसिया कार्यप्रणाली पर सवाल तो है ही लेकिन एफआईआर होने के बाद भी माल की बरामदगी हो पाती है या नहीं यह समय ही बताएगा।

बहरहाल नगर निरीक्षक आशीष धुर्वे ने बताया है कि उनकी जांच टीम आरोपी तक जल्द ही पहुंच जाएगी और उनके द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। जल्द ही इसके सुखद परिणाम आने की पूर्ण संभावना है।

## सांवरी वनपरिक्षेत्र के ग्राम मानकादेही खुर्द में 30 नग सागौन के अवैध लट्ठे पकड़ाए

**छिन्दवाड़ा।** वन परिक्षेत्र सांवरी के वृत्त गांगीवाड़ा के स्टाफ को मुखबिर द्वारा प्रदाय सूचना पर वनपरिक्षेत्र सांवरी की टीम द्वारा मंतोष पिता मकरंद विश्वकर्मा साकिन मानकादेही खुर्द के घर के पीछे छापा मारा गया। जिसमें 30 नग अवैध सागौन के लट्ठे प्राप्त हुए। जो कि सलीम पिता जुम्मन खान साकिन मानकदेहीखुर्द ने अपने निजी खेत से कटवाकर मंतोष विश्वकर्मा, मानकादेही खुर्द के घर काटकर निजी उपयोग के लिये स्टाक किया था। मौके पर पंचनामा तैयार किया गया तथा जप्त माल परिक्षेत्र सहायक गांगीवाड़ा के सुपुर्द में दिया गया। प्रकरण में भारतीय वन संरक्षण अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) क के तहत कार्यवाही की जाना प्रस्तावित है। प्रकरण के दौरान की गई कार्यवाही - प्रकरण की सूचना प्राप्त होते ही वन संरक्षक श्री मधु वी राज के निर्देशन, वनमंडलाधिकारी श्री साहिल गर्ग के मार्गदर्शन एवं एस.डी.ओ. परासिया श्री बिजेन्द्र खोब्रागडे के आदेश पर परिक्षेत्र अधिकारी सांवरी सुश्री कीर्तिबाला गुप्ता के नेतृत्व में अवैध कटाई के आरोपी के विरुद्ध पंचनामा तैयार किया गया। परिक्षेत्र सहायक श्री अजय शिवहरे, कार्यवाहक वनपाल श्री योगेश उईके, वनरक्षक श्री सुरेश भनारिया, श्री धनकुमार चौधरी, श्री अरविंद टांडेकर, श्री पंकज सोनी, श्री सौरभ चौहान, श्री शैलेन्द्र वाड़ीवार, श्री राहुल शर्मा, श्री रविन्द्र सोनी, श्री विकास भारती, श्री प्रीति वाडिया, सुश्री रजनी युनाती, सुश्री सविता पारसे, परासिया वनपरिक्षेत्र से वनपाल श्री भादू सिंह कुमरे आदि मौजूद रहे।

## शासकीय कॉलेज चौरई में मनाया गया संविधान दिवस

शासकीय महाविद्यालय चौरई में दिनांक 26 नवम्बर 2025 को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार ठाकुर द्वारा की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने संविधान दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी श्री लक्ष्मीकांत डहरवाल ने संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का संविधान एक सशक्त और व्यापक संविधान है, जिसके कारण राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता अक्षुण्ण बनी हुई है। डॉ. विकास शर्मा ने अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान में निहित भारतीय दर्शन एवं संस्कृति के प्रभाव पर चर्चा की।डॉ. राजेश कुमार कहार द्वारा संविधान से संबंधित क्विज का आयोजन किया गया। डॉ. पुष्कर राज मालवीय ने भारतीय संविधान के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री चंद्रशेखर उसरेठे द्वारा किया गया।

## सेवाभाव युवा मंडल ने मनाया संविधान दिवस

**उमरेठ / परासिया** :- सेवाभाव युवा मंडल द्वारा एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला कुण्डली खुर्द में संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और श्रद्धांजलि देकर की गई ।कार्यक्रम का आयोजन सेवाभाव युवा मंडल अध्यक्ष मनेश भलावी तथा शाला प्रधानाध्यापक अर्चना बुनकर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ । उन्होंने बच्चों को संविधान की विशेषताओं , महत्व और नागरिकों को मिलने वाले मौलिक अधिकारों की जानकारी दी ।अध्यक्ष मनेश भलावी ने अपने संबोधन में कहा , कि संविधान से हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध होता है । इसका पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है ।इस अवसर पर बच्चों के लिए प्रश्न–उत्तर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई । जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । बच्चों ने संविधान के बारे में सीखी गई बातों को आत्मसात करने का संकल्प लिया । सभी बच्चों के साथ शिक्षकों के साथ शपथ ग्रहण किया गया । कार्यक्रम में सेवाभाव युवा मंडल अध्यक्ष मनेश भलावी , शाला प्रधानाध्यापक अर्चना बुनकर , शिक्षक मुकेश चतुर्वेदी , धर्मेंद्र भारत , आर. एस. तिवारी , पंजाबराव ठाकरे , गजनंद सूर्यवंशी , मीना नागवंशी और सेवाभाव युवा मंडल के सदस्य और प्यारे बच्चे उपस्थित रहे ।




## हजारों दीपों से जगमगाया मंदिर नागदीपावली पर अदभुत आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

संत गजानन गुणगान मंडल द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नागदीपावली एवं श्रीराम विवाह के अवसर पर शिवगजानन मंदिर विवेकानंद कालोनी में भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। गजानन गुणगान मंडल के संचालक आनंद बक्षी ने बताया कि, प्रातः 8.00 बजे आचार्य रामचंद्र दामले, अमृता विजय जोशी, मोना अनिल कस्तूरे, प्रशांत सांयखेडकर के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से सभी देवी देवताओं एवं नागदेवता का अभिषेक किया गया । यह उल्लेखनीय है कि, नागदीपावली पर वंशवृद्धि एवं वंश की सुख समृद्धि हेतु दीपदान किया जाता है। सूर्यास्त के उपरांत हजारों की संख्या में दीपों को लेकर मातृशक्ति ने दीपों से ही सुंदर रांगोली एवं स्वस्तिक निर्माण किया। हजारों दीपों के प्रकाश से संपूर्ण मंदिर परिसर जगमगा उठा । संध्या 7.00 बजे महाआरती के उपरांत महाप्रसाद वितरित किया गया । संत गजानन गुणगान मंडल के सुधीर सांयखेडकर, संदेश सोनी, सुरेश बारस्कर, रजनीकांत बाजपेयी, श्रुति सांयखेडकर, विजया घोंगे, श्याम माहोरे, सुभाष स्मार्थ तथा बड़ी संख्या में भक्तजनों ने उपस्थित होकर वंशवृद्धि, सुखसमृद्धि की कामना की।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, ग्रहस्थी का सामान खाक

**नगर पालिका अध्यक्ष ने दी 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



नगर के वार्ड क्रमांक 16 में शार्ट सर्किट के चलते आटो चालक के मकान आग लग गई । जिससे घर में रखा ग्रहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने पीड़ति परिवार को फौरी राहत के तौर पर पांच हजार रुपए प्रदान किए ।मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 16 निवासी कैलाश राय किराये का आटो चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है।

बुधवार सुबह आटो लेकर वह चला गया । उसकी पत्नी बच्चों को स्कूल छोड़ने गई थी । लौटने पर उसने घर से धुंआ उठता देखा । उसने दौड़कर दरवाजा खोला तो घर में आग लगी हुई थी । उसने पड़ोसियों को आवाज लगाई । तब सब दौड़े और आग बुझाने लगे । घटना की खबर लगते ही नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय , उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर के साथ मौके पर पहुंचे । बचाव कार्य प्रारंभ करवाया । पार्षद पूनम शर्मा भी इस दौरान मौजूद थीं । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने तत्काल एसडीएम तहसीलदार से बात की । इसके बाद पटवारी देवेंद्र साहू निरीक्षण के लिए पहुंचे । सेनेटरी इंस्पेक्टर दीपक राय , सुपरवाईजर सलीम खान मौजूद रहे । नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा , कि पीड़ति परिवार के पास कुछ नहीं बचा । यह राशि को तत्काल की जरूरतें पूरी करने के लिए दी गई हैं ।

## छिंदवाड़ा में आईएएस अधिकारी के विवादित बयान पर उबाल

**ब्रह्म समाज ने की कड़ी निंदा, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम सौंपेगा ज्ञापन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश के चर्चित आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के एक विवादित बयान को लेकर छिंदवाड़ा जिले में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। हाल ही में अजाक्स के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद एक सार्वजनिक कार्यक्रम में दिए गए उनके बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर की गई अमर्यादित और आपत्तिजनक टिप्पणी ने पूरे समाज की भावनाओं को आहत किया है। इस बयान के विरोध में छिंदवाड़ा का ब्रह्म समाज कल्याण मंडल, छिंदवाड़ा खुलकर सामने आ गया है। ब्रह्म समाज ने इस पूरे प्रकरण को गंभीर बताते हुए इसे समाज को अपमानित करने वाला, असंवैधानिक और एक लोकसेवक की गरिमा के विपरीत करार दिया है।इस प्रकरण को लेकर ब्रह्म समाज कल्याण मंडल की एक आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के वरिष्ठ नागरिक, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से संतोष वर्मा के बयान की घोर निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। ब्रह्म समाज कल्याण मंडल के अध्यक्ष पंडित विजय पांडे ने कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी से निष्पक्षता, संयम और सभी समाजों के प्रति सम्मान की अपेक्षा की जाती है, न कि किसी जाति विशेष के प्रति नफरत फैलाने वाले वक्तव्यों की।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह में संविधान दिवस की उद्देशिका का हुआ सामूहिक वाचन

**हरिभूमि न्यूज, छिंदवाड़ा।** संविधान दिवस के अवसर पर आज शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय खिरसाडोह संस्था में 26 नवंबर संविधान दिवस आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ नीलिमा बागडे एसोसिएट प्रोफेसर राजमाता सिंधिया गर्ल्स कॉलेज छिंदवाड़ा ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार माता-पिता अपने बच्चों की सभी आवश्यकताओं, सुरक्षा और विकास का पूरा ध्यान रखते हैं, उसी प्रकार भारत का संविधान देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों, सम्मान और हितों की रक्षा करता है। डॉक्टर नाग पंचवेली महाविद्यालय परासिया ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हर नागरिक—चाहे वह किसी भी वर्ग, समुदाय या क्षेत्र से हो—न्याय, स्वतंत्रता और समानता का हकदार है। संविधान नागरिकों को अधिकार देता है, पर साथ ही उनके कर्तव्यों और ज़िम्मेदारियों को भी स्पष्ट रूप से निर्धारित करता है, ताकि देश की एकता, सद्भाव और प्रगति बनी रहे।कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि संविधान ने देश को एक मजबूत और व्यवस्थित शासन-व्यवस्था प्रदान की है, जिसमें विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसी संस्थाएँ नागरिकों के हितों की रक्षा करती हैं।



### सिंगोडी बस स्टैण्ड से किया गिरफ्तार, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

## MD ड्रग्स पाउडर के प्रकरण में फरार आरोपी नौसाद मंसूरी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

एमडी ड्रग्स पाउडर की तस्करी करने वाले फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

एसपी अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के द्वारा थाना प्रभारी देहात निरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत ने पुलिस टीम गठित कर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों की लगातार धरपकड़ हेतु विशेष अभियान के तहत अपने मुखबीर तंत्र की सूचना के आधार पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।घटना का संक्षिप्त विवरण- आज दिनांक 26/11/2025 को प्रकरण में फरार आरोपी नौसाद मंसूरी की तलाश हेतु एक टीम सिंगोडी रवाना की गई थी। जो उक्त टीम को मुखबीर की सूचना के आधार पर बस स्टैण्ड सिंगोडी से फरार आरोपी नौसाद मंसूरी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार आरोपी आदिल शेख द्वारा पहले एम.डी पाउडर ड्रग्स का नशा कराकर लत लगाई गई बाद में आरोपी द्वारा लगातार एमडी पाउडर ड्रग्स का सेवन किया जाता था। आरोपी को गिरफ्तार कर छिन्दवाडा न्यायालय पेश किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।गिरफ्तार आरोपी के नाम नौसाद शेख निवासी सिंगोडी जिला छिन्दवाडा। इस कार्यवाही में निरी. गोविंद सिंह राजपूत, सउनि. संदीप सिंह राजपूत, आरक्षक 779 सौरभ बघेल, आर. 414 बृजेश पाल, सायबर सेल से प्रआर. 811 नितिन, आर. 842 आदित्य, आर. 485 अंकित शर्मा की भूमिका रही।

### स्कूल परिसर में उत्पात मचाने वाले बदमाशों के खिलाफ की गई सख्त कार्यवाही

**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिसअधीक्षक आशीष खरे द्वारा अपराधों में अंकुश लगाने एवं अपराधी तत्वों के विरुद्ध शख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जो दिनांक 26.11.2025 को शासकीय माध्यमिक शाला कुकडाजगत के प्राचार्य द्वारा शिकायत दी गई थी की शासकीय स्कूल में रात्री में अपराधी तत्वों द्वारा शाला परिसर में शराब पीकर शरब बोतल तोडफोडकर उत्पात मचाया जा रहा है। प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्टाफ, बीट में लगे कर्मचारियों द्वारा सीसी टीवी फुटेज चैक कर दो व्यक्तियों- मयंक पिता अजय रघुवंशी उम्र 18 साल निवासी खैरी गोपाल एवं शिवम पिता दिनेश धुर्वे उम्र 19 साल निवासी खैरी भोपाल थाना कुण्डीपुरा को पकडा गया एवं थाना लाकर उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 170/126 (बी), 135(3) **bnss** के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। **आरोपीः-** (1) मयंक पिता अजय रघुवंशी उम्र 18 साल निवासी खैरी गोपाल थाना कुण्डीपुरा जिला छिन्दवाडा (2) शिवम पिता दिनेश धुर्वे उम्र 19 साल निवासी खैरी भोपाल थाना कुण्डीपुरा जिला छिन्दवाडामहत्वपूर्ण भूमिकाः- निरी. जी.एस. राजपूत, सउनि संदीप राजपूत, आर.414 ब्रजेश पाल, आर. 1077 आशीष सिंह आर. 275 सूरज, आर. 836 उमेश उइके।



## ग्राम पंचायतों में किया भारतीय संविधान उद्देशिका का वितरण

# संविधान दिवस पर परिचय सम्मेलन समिति ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर




बुधवार को सौसर नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में 26 नोव्हेंबर भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर, के साथ ही विभिन्न संस्थाओं के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन करते हुए भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वितरण, वाचन करते हुए भारतीय संविधान की रक्षा सुरक्षा का संकल्प दिलाया, नगर के डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर समिति प्रमुख एवं जिला भारतीय बौद्ध महासभा अध्यक्ष अशोक भगत, मुरलीधर कामले,डॉ वाय एल ठवरे, बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुकेश बागडे,देवेंद्र बागडे, डॉ बाबासाहेब अंबेडकर नवयुवक मंडल अध्यक्ष पंकज शेंडे,श्रीमती पमिता बागड़े के द्वारा माल्यार्पण कर किया गया, आयोजन के दौरान समिति पदाधिकारी ने बताया कि बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति के माध्यम से विगत 23 वर्षोपरिचय सम्मेलन,संविधान दिवस, संविधान के उद्देशिका का घर-घर के शासकीय अर्ध शासकीय कार्यालय में वितरण कार्यक्रम किये जा रहे। समिति का उद्देश्य है कि भारतीय संविधान से मिले हुए अधिकारों की जानकारी सभी को हो। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक प्रदीप कलस्कर, कचरूमल वाहने,सिद्धार्थ सोमकुवर, उमाशंकर शेंडे,मिलिंद बसोड,सुजीत दुफारे विजय नागदवने,उज्वल अवसरमौल,श्रीमती नीतल हनवते,गुड़ाया बागड़े,संजय कामले,सिद्धार्थ बागडे,दीपक तेलंगेआदि प्रमुखता से उपस्थित थे।बोरगांव खेरितायगाव में किया प्रियमबल वितरण....संविधान दिवस के अवसर पर बौध्द नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर की ओर से ग्राम पंचायत बोरगांव,खेरितायगाव,पारडसिंगा मैं कार्यक्रम का आयोजन करते हुए भारतीय संविधान के प्रियमबल का वितरण वाचन किया गया, इस दौरान भारतीय संविधान मिले हुए अधिकार, के साथ ही उसकी रक्षा सुरक्षा आदि पर विचार व्यक्त किये है। इस दौरान बोरगांव सरपंच पंकज दातारकर,खेरितायगाव सरपंच चंद्रशेखर कहाते,पारडसिंगा सरपंच भोजराज धोतके,सचिव कैलास जीवतोडे,निरजन मिरचे,अशोक बौद्ध, लक्ष्मीदास बोरकर,राजेश बागड़े,आनंद दुफारे,दीवाकर बागड़े आदि थे।

## बौद्ध समाज ने खैरीताय गांव में मनाया संविधान दिवस



**पारडिसंगा।** भारतीय बौद्ध महासभा, समता सैनिक दल की ओर से बुधवार को ग्राम पंचायत खेरितायगाव बुद्ध विहार एवं अंबेडकर प्रतिमा सामने संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन करते हुए संविधान की रक्षा सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा माल्यार्पण बुद्ध वंदना एवं संविधान के उद्देशिका के वचन के साथ किया गया, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक में जिला भारतीय बुद्ध महासभा के अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, मुरलीधर कामले,डॉ वाय एल ठवरे, देवेंद्र बागड़े,तहसील भारतीय बौध्द महासभा अध्यक्ष लक्ष्मीदास बोरकर,राजेश बागड़े,आनद दुफारे,दिवाकर बागड़े,भीमराव रागासे,नितिन गायकवाड़,घनश्याम बागड़े,पूनम बागड़े,तारगेश्वरी बोरकर,कैलास गजभिये,अमित बोरकर,कुमार गजभिये, ज्ञानेश्वर गजभिए नितिन कड़वे आदि थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष लक्ष्मीदास बोरकर ने कहा की पहले राजा रानी के पेट से पैदा होता था परंतु अब बाबा साहब के द्वारा मिले भारतीय संविधान से राजा जनता के मतदान से पैदा होता है। इस दौरान बौद्ध समाज बंधुओ द्वारा खरीतायगांव में भारतीय संविधान की रक्षा सुरक्षा का संकल्प लिया गया।

## मध्यप्रदेश में मिला बोरगांव पंचायत को प्रथम स्थान




**सौंसर।** ग्राम पंचायत बोरगांव को कर संग्रह में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मध्यप्रदेश राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोरगांव की सरपंच को विशेष रूप में उद्बोधन देने हेतु आमंत्रित किया गया था। चर्चा के दौरान बोरगांव सरपंच पंकज दातारकर ने बताया कीग्राम पंचायत बोरगांव के लिए यह गौरव का क्षण है कि प्रदेश स्तर पर पंचायत के कार्यों को पहचान मिली है,बोरगांव को आदर्श एवं प्रगतिशील पंचायत के रूप में सराहा गया है,यह सम्मान सम्पूर्ण बोरगांव की जनता का है। कर संग्रह में पारदर्शिता, जनता का जागरूक सहयोग और टीम वर्क ही हमारी सफलता की नींव रहा है। राज्य सरकार द्वारा दिया गया यह अवसर हमारे लिए प्रेरणा है कि हम विकास को और अधिक गति दें।"ग्राम पंचायत की टीम ने सड़क, पानी, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा और सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार के लिए कर राशि का प्रभावी व पारदर्शी उपयोग किया है, जिसे प्रदेश स्तर पर विशेष सराहना मिली है। सभी ग्राम वासियों के हम आभारी है।

## वरिष्ठ पत्रकार कुटिया मांडेकर जी की मनाई गई पुण्यतिथि




**बिछुआ।** एकता प्रेस क्लब बिछुआ में वरिष्ठ पत्रकार कुटिया मांडेकर जी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी एवं पत्रकार साथियों ने उपस्थित होकर मांडेकर जी को याद किया तथा उनके योगदान को नमन किया।कार्यक्रम में एकता प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रमोद श्रीवास, संरक्षक सिरपत पवार, समन्वयक जितेन्द्र सिंह ठाकुर, हेमराज मांडेकर, सचिव श्रवण कामडे, कोषाध्यक्ष मुकेश कुरोठे, उपाध्यक्ष रजत वानखेड़े, मनोज साहू सहित अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।सभी ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत मांडेकर जी को श्रद्धांजलि दी और उनके पत्रकारिता जीवन की प्रेरणादायक स्मृतियों को साझा किया।

# सांसद आज पांढुर्णा में लेंगे जन उपयोगिता समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू आज 27 नवंबर को पांढुर्णा में जन उपयोगिता समिति की बैठक लेने के साथ ही छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद श्री साहू सुबह 10:30 बजे ग्राम भानादेही में बीज वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे पिपलानारायणवार मंडल के ग्राम ढोकडोह में आयोजित 72वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करते हुए मरीजों से मुलाकात करेंगे। सांसद श्री साहू दोपहर 2:30 बजे पांढुर्णा कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जल उपयोगिता समिति की बैठक लेते हुए कार्यों की समीक्षा करेंगे। शाम 7:30 बजे छोटी बाजार स्थित तारण भवन प्रांगण में आयोजित श्रीमद् जिन तारण तरण जयंती महोत्सव के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### सांसद खेल महोत्सव की जिला स्तरीय कार्ययोजना को दिया गया अंतिम रूप

**छिंदवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में फीट इंडिया के माध्यम से जिलें सहित प्रदेश और देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना जिले के सरकारी और प्राईवेट स्कूलों एवं कॉलेजों में सांसद खेल महोत्सव के तहत विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। पिछले दिनों पुलिस ग्राउंड छिन्दवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू ने सांसद खेल महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रमों के बीच विधिवत शुभारंभ किया। सांसद खेल महोत्सव को सफल बनाने के लिए सांसद श्री साहू लगातार खेल गतिविधियों की समीक्षा कर रहे है। इसी के तहत सांसद श्री साहू के मार्गदर्शन में बुधवार की शाम सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा में आयोजन समिति एवं विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में आयोजित होने वाली खेल गतिविधियों की समीक्षा करते हुए विभिन्न 32 खेलों को आयोजित करने के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम तैयार किया गया। बैठक में सांसद खेल महोत्सव के सफल संचालन के लिए समितियां बनाते हुए इनके संयोजक तय किए गए। यह संयोजक दोनों जिलों में विभिन्न खेल गतिविधियों की प्रतिदिन की समीक्षा के साथ ही रिपोर्ट भी तैयार करेंगे।

## मौलिक कर्तव्यों का निर्वहन ही संविधान की मजबूती का आधार - डॉ. कमलाकर



**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय विधि महाविद्यालय काराबोह में संविधान दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमलाकर मोटघरे द्वारा मां सरस्वती की आराधना के साथ की गई। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि संविधान के प्रति अपने मौलिक कर्तव्यो को निभाकर ही हम संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत बना सकते हैं। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए अपनी प्रतिबद्धता को पुनः स्मरण किया। महाविद्यालय में इस अवसर पर संविधान से संबंधित प्रश्नमंच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया , जिसमें चार टीमों ने भाग लिया। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पार्थ पटेरिया, शिवराज सिंह मर्सकोले, हेमंत पीपले , द्वितीय स्थान - ललिता, प्रतिमा डोले, गगन धुर्वे, एवं तृतीय स्थान बोधिसत्व गजभिये, अनिता अरेवा, लकिता आम्रवंशी की टीम ने प्राप्त किया। निर्णायकों में डा. दमयंती कटरे और डॉ स्नेहा कुमारी भूमिका में रहीं। मंच का संचालन कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी राकेश कुमार कोष्टी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कमलेश चरपे, तरुण देशमुख, तरुण यादव, अशोक यादव और दिनेश मूल और विद्यार्थियों की उपस्थिति थे।

# दुल्हापुर में बिना अनुमति दो आम के हरे पेड़ काटे, प्रशासन हरकत में

### पटवारी ने की जप्ती कार्रवाई, वन एवं राजस्व नियमों के उल्लंघन पर ग्रामीणों ने कठोर कदम उठाने की मांग की



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम दुल्हापुर में पर्यावरण संरक्षण के सरकारी प्रयासों के विपरीत एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां ग्रामीण संजय बडगैया द्वारा अपने स्वामित्व वाली भूमि पर खड़े दो हरे और फलदार आम के पेड़ बिना अनुमति काट दिए गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में पर्यावरणीय असंतुलन, प्रशासनिक लापरवाही और बढ़ते लकड़ी माफिया के प्रभाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सूचना मिलते ही हल्का पटवारी इन्द्रपाल मरावी मौके पर पहुंचे और बिना अनुमति पेड़ कटाई की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मौके पर ग्रामीण को रोककर अनुमति लेने की समझाइश दी गई थी, लेकिन समझाइश के बाद भी नियमों को दरकिनार कर पेड़ों की कटाई की गई। इस पर पटवारी ने नियमानुसार जप्ती की कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार किया है, जिसे न्यायालय तहसील कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

वन संरक्षण अधिनियम 1980, मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता तथा पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत किसी भी निजी भूमि पर स्थित फलदार या बड़े वृक्ष को काटने से पहले ग्राम पंचायत, राजस्व विभाग और आवश्यक होने पर वन विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। नियमों के अनुसार बिना अनुमति पेड़ काटना दंडनीय अपराध है, जिसमें आर्थिक दंड व कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। इसके विपरीत, जब भूमि मालिक से अनुमति संबंधी जानकारी मांगी गई तो उन्होंने अडियल रुख अपनाते हुए कहा कि पेड़ मेरा है, मैंने लगाया है, मुझे किसी की अनुमति लेने की जरूरत नहीं। उनका यह जवाब न सिर्फ नियमों की अवहेलना दर्शाता है बल्कि सरकारी पर्यावरण संरक्षण अभियानों की गंभीरता को भी चुनौती देता है।

**लकड़ी माफिया की संलिप्तता की आशंका:** ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में इस क्षेत्र में अवैध पेड़ कटाई के मामले बढ़े हैं। उनका आरोप है कि यह कटाई संभवतः लकड़ी तस्करों के सहयोग से की गई है, और संबंधित विभागों की अनदेखी ऐसे मामलों को बढ़ावा दे रही है। अंत में ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रशासन कठोर कदम उठाए, ताकि भविष्य में ऐसी अवैध गतिविधियों पर रोक लग सके और पर्यावरण संरक्षण का संदेश केवल कागजों तक सीमित न रहे।

# नपा ने किया शहरी बेघरों के लिए आश्रय स्थल का शुभारंभ

### नपा अध्यक्ष सरिता दांदरे ने किया लोकार्पण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के वार्ड नम्बर 5 गॉधी बाल उद्यान के पीछे स्थित स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी सामुदायिक भवन को नगरपालिका परिषद द्वारा बेघर वालों के लिए आश्रय स्थल का स्वरुप प्रदान कर दिया गया है। जिसके बाद इस आश्रय स्थल का शुभारंभ नगरपालिका परिषद वारासिवनी की अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे द्वारा मंगलवार को फीता काटकर किया गया।

विदित हो कि नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा शीत ऋतु के आगमन से रात्रिकालीन तापमान में गिरावट होने से के कारण प्रदेश के निकायों में खुले में रहने वाले बेघर व्यक्तियों को ठंड से बचाव हेतु समुचित आश्रय की व्यवस्था करने के लिए निर्देश जारी किए गए है। इस संबंध में कलेक्टर बालाघाट द्वारा बैठक में जिले के सभी सीएमओ को निर्देशित किया गया था कि बेघरों के लिए आश्रय स्थल की समुचित व्यवस्था की जाये। जिसके बाद मंगलवार को नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा अस्थायी आश्रय स्थल प्रारंभ कर दिया गया है।

**10 बिस्तरों की है व्यवस्था:** मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि शासन एवं कलेक्टर बालाघाट के निर्देशों के परिपालन में नगरीय क्षेत्र वारासिवनी में शहरी बेघर व्यक्तियों को ठण्ड से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था प्रदान किये जाने अस्थायी आश्रय स्थल का शुभारंभ वार्ड क्रमांक 05 में नगरपालिका के भवन अटल बिहारी बाजपेयी सामुदायिक भवन में किया गया हैं, जो 10 बिस्तर की क्षमतायुक्त है। जिसमें महिला एवं पुरूष दोनों के लिए 5-5 बिस्तरीय व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त 5 अन्य बिस्तर की व्यवस्था भी रखी गई है। जिसमे पलंगए, गद्दे, तकिया, चादर, कंबल एवं रूम हिटर की उपलब्धता है। रैन बसेरे में गरम पानी की व्यवस्था के साथ अलाव की व्यवस्था भी रहेगी।

**सार्वजनिक स्थल पर रहने वाले व्यक्तियों को ठहरायेगे भवन में:** सीएमओ श्री उके द्वारा बताया गया कि शहरी क्षेत्र में रात्रि के समय सडक़ किनारे बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन, अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खुले में रहने वाले व्यक्तियों को रेस्क्यू करके वाहन के माध्यम से सुविधाजनक तरीके से आश्रय स्थल तक लाने हेतु भी टीम का गठन किया गया है। जिसमें रात्रि में नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी व्यक्ति खुले में न रह पाये, सभी को आश्रय प्राप्त हो सके।

## कंजई में सीसी सड़क का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** ग्राम पंचायत कंजई में सोमवार को बड़े ही भव्य हर्षोल्लास और गरिमामय माहौल में सीसी सड़क का भूमि पूजन बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ग्राम सरपंच एडवोकेट आनंद बिसेन समस्त पंचगण अतिथियों एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति और गायत्री परिवार भाडामुरी से पधारे श्री पारधी के मुखर बिंद से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ ग्राम पंचायत कंजई अंतर्गत माता मंदिर (माता माय) पहुंच मार्ग सीमेंट सड़क निर्माण कार्य, विधायक निधि,



गौण खनिज विभाग, से व आदिवासी मोक्षधाम कंजई पहुंच मार्ग सीमेंट सड़क निर्माण कार्य पूर्व मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन दिग्विजय सिंह द्वारा राज्य सभा सांसद मद से प्राप्त कार्य का भूमिपूजन इस अवसर पर बालाघाट विधायक अनुभा कंकर मुंजारे के मुख्य आतिथ्य के रूप में, समाजसेवी ढालसिंह बिसेन (पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष) के अध्यक्षता में व जनपद सदस्य धनेंद्र भलावी , विशेष आतिथ्य में, पूर्व सरपंच बालकृष्ण बिसेन, पूर्व सरपंच कामिनी आनंद बिसेन,सेवा सहकारी समिति पूर्व अध्यक्ष सुदर्शन बिसेन, हुकुमचंद ठाकरे ,व सड़क निर्माण हेतु भूमि दानदाताओ,ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच महोदया ग्राम पंचायत के समस्त पंच गणों, ग्राम के समस्त प्रमुख महानुभाव अतिथियो के समक्ष संपन्न हुआ उक्त अवसर पर कार्यक्रम में निमंत्रित आमंत्रित अतिथियों में विधायक महोदया को पंचायत की ओर से साल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया साथ ही सड़क निर्माण हेतु भूमि दानदाताओ,अतिथियों का भी साल श्रीफल देकर सम्मान किया गया जय जय कारों के नारे के साथ ग्राम के समस्त मृत आत्माओं, साथ ही बालाघाट में तैनात निरीक्षक शहीद आशीष शर्मा जी को भी 2 मिनिट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

# महाविद्यालय पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज लांजी।



महाविद्यालय पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन बिसोनी में आज 26नवंबर को संविधान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सरस्वती, डॉ. भीमराव अम्बेडकर और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को याद करते हुए दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण किया गया।

इस वर्ष का संविधान दिवस कई ऐतिहासिक समारोहों के साथ मेल खाता है: सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती, भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, 'वन्दे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ तथा गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत। इन महान व्यक्तित्वों की याद दिलाते हुए कार्यक्रम में कर्तव्यों की महत्ता पर बल दिया गया, जैसा कि संविधान के अनुच्छेद51ए में उल्लेखित है।

समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीबी.जे.लिल्हारे ने किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कर्तव्यों का पालन सामाजिक व आर्थिक प्रगति का आधार है और नागरिकों को अपने कर्तव्यों को पूरी तरह निभाने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए।संस्थापिका श्रीमती वंदना वैद्य ने मौलिक अधिकारों – समानता, स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार और धर्म की स्वतंत्रता – का उल्लेख करते हुए उनके पालन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक किताब नहीं, बल्कि सपनों का सुरक्षा कवच है।

निबंध प्रतियोगिताः शहिल बोरकर (प्रथम), अंजली रावते (द्वितीय), विद्या हरिनखेड़े (तृतीय) ,कविता प्रतियोगिताः गौर शनिचरे (प्रथम)- प्रश्न मंच प्रतियोगिताः विशाल एंड ग्रुप (प्रथम), विद्या हरिण खेड़े एंड ग्रुप (द्वितीय), दिव्या डाहरे एंड ग्रुप (तृतीय)

समारोह का समापन भारत के संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन और राष्ट्रीय प्रतिज्ञा के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीबी.जे.लिल्हारे, प्राध्यापकगण सी.एस.मेश्राम, रामख्वरूप नगपूरे, बी.सी.पटले, उमेन्न नागमिड़े, खेमेन्र उमरे, अजित बोरकर, गौख मंडारकर, योगेश नंदनवार, राजेश गजभिये, संतोष बोरकर, संजय मेश्राम, जी.के.सोनवाने, के.के.बड़नैया तथा समस्त महाविद्यालय परिवार ने योगदान दिया।इस प्रकार, संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय ने राष्ट्रीय मूल्यों और कर्तव्यों को उजागर करते हुए एक सशक्त, विकसित भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# मैं जनता का प्रतिनिधि हूं, उनका काम करवाना मेरा दायित्व-विवेक पटेल

### जनसम्पर्क कार्यालय में विधायक विवेक विक्की पटेल ने जनता दरबार में सुनी ग्रामीणों की समस्या



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा अपने कार्यालय में रविवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों ने उपस्थित होकर विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा संबंधित अधिकारियों से चर्चा की गई और समस्याओं के निराकरण हेतु निर्देशित किया गया।

विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अपने गाँव की, तो कुछ लोग अपनी व्यक्तिगत समस्या लेकर पहुँचे थे। कुछ शिकायतकर्ताओं ने फसल सूखने, बिजली की समस्याएँ, सडक़ के खराब होने सहित कई अन्य बातों की ओर विधायक विवेक पटेल का ध्यान आकर्षित करवाया। ग्राम व जनपद पंचायतों में उनके कार्य नहीं होने, पुलिस से जुड़ी कार्यवाही आदि को लेकर भी विधायक को अवगत कराया गया। जिसे सुनने के साथ ही विधायक ने आवश्यक होने पर स्थानीय स्तर पर त्वरित निराकरण करने का प्रयास किया गया और कुछ के लिये अधिकारियों को कार्यवाही करने निर्देशित किया गया हैं।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि वह जनता के प्रतिनिधि हैं और जनता ने उन्हें इस मुकाम पर पहुंचाया हैं, तो हमारा भी दायित्व हैं कि हम जनता की समस्याओं को सुने, उनका निराकरण करवाये। इसी के तहत विधायक जनसम्पर्क कार्यालय में आने वाले लोगों की समस्याओं को सुनने का प्रयास करते हैं। जनता दरबार के माध्यम से लोगों से भेंट मुलाकात भी होती हैं और लोग इस दौरान अपनी समस्यायें रखते हैं। जिसके संबंध में कार्यवाही कर निराकरण का प्रयास किया जाता हैं।

विधायक श्री पटेल ने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान भी आमजन भेंट करते हुये अपनी समस्यायें रखते हैं। स्थानीय स्तर की कई छोटी-छोटी समस्यायें होती हैं, जिनका स्थानीय स्तर पर ही निराकरण हो सकता हैं, तो स्थानीय स्तर पर निराकरण करते हैं। जो उच्च स्तर की होती हैं, तो उसके लिये अन्य कार्यवाही की जाती हैं।

उन्होंने कहा कि जनता के माध्यम से ही हमें ज्ञात होता है कि कहां पर क्या आवश्यकता हैं और क्या करना चाहिए? निश्चित ही हम इन सबको लेकर लगातार कार्य कर रहे हैं और आगे भी इसी तरह के कार्यवाही जारी रहेगी। क्षेत्र में निरंतर जनसंपर्क में उपस्थित रहता हूॅ, उस समय वह अपनी बाते रख सकते हैं। कार्यालय तक आने जाने की वह परेशानी ना उठाये।

## संविधान दिवस के अवसर पर प्रस्तावना का हुआ सामूहित वाचन

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 26 नवम्बर संविधान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बालाघाट के प्रांगण में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी श्री रघुबीर प्रसाद पटेल, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री गौतम सिंह मरकाम, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री डी.एन.सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री मनीष कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीष शर्मा, व्यवहार न्यायाधीशगण श्री तारा मार्को, श्री अविनाश छारी, श्रीमती शिखा शर्मा, श्रीमती शीनी जैन, श्री शुभम जैन एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र धुर्वे आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### आपरेशन मुस्कान '' के अंतर्गत छात्र जागरूकता अभियान संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु/उ.मा विद्यालय भैरोगंज सिवनी में पुलिस प्रशासन थाना कोतवाली सिवनी द्वारा ''आपरेशन मुस्कान'' के अंतर्गत छात्र जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपरोक्त आयोजन में थाना कोतवाली के नगर निरीक्षक सतीश तिवारी एवं उनके सहयोगी स्टॉफ द्वारा भैया/बहिनों का मार्गदर्शन किया गया। जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन, दीप मंत्र एवं पूजन -अर्चन के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय व्यवस्थापक श्री नितिन चौधरी एवं प्राचार्य श्री ओमप्रकाश यादव द्वारा नगर निरीक्षक श्री सतीश तिवारी एवं उनके सहयोगियो का तिलक-चंदन-वंदन द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत नगर निरीक्षक श्री तिवारी द्वारा उपस्थित भैया- बहिनों का मार्गदर्शन करते हुए, बताया कि मोबाइल एवं उसके विभिन्न एप्स जैसे फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाटसअप का प्रयोग पूरी सावधानी के साथ करना चाहिए। कभी कोई गलती होने पर उसे छिपाकर कोई गलत कदम उठाने से बचना चाहिए एवं अपने माता-पिता, परिजनों व विद्यालय प्रशासन को सूचित करना चाहिए।

# भारी-भरकम वाहनों की आवाजाही से ग्राम मुंगवानी कला एवं सापापार की सीसी रोड के उड़े परखच्चे

जिले के जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत आने वाले ग्राम भोगाखेड़ा से पुसेरा, मुंगवानी होते हुए छिंदवाड़ा मार्ग को जोडने के लिए करोड़ों रूपये की लागत से बनायी जा रही रोड में मुंगवानी कला के समीप पडने वाली नदी पर ब्रिज निर्माण करने के दौरान डायवर्सन मार्ग नहीं देने से उक्त मार्ग का सारा यातायात बोझ ग्राम पंचायत मुंगवानी कला की अंदरूनी सडक़ों पर आ गया और भारी-भरकम वाहनों की आवाजाही से ग्राम मुंगवानी कला एवं सापापार की सीसी रोड के परखच्चे उड़ गये। जिसकी शिकायत के बाद मार्ग निर्माण का आश्वासन तो मिला लेकिन आज दिनांक तक उक्त आदेश का परिपालन होते दिखाई नहीं दे रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

उल्लेखनीय होगा कि ग्राम भोगाखेड़ा से पुसेरा-मुंगवानी होते हुए जाम से छिंदवाड़ा मुख्य मार्ग को जोडने के लिए करोड़ों रूपये की लागत से सडक़ निर्माण कार्य किया जा रहा है, ताकि मार्ग निर्माण के बाद लोगों के समय एवं रूपये दौनों की बचत हो सके। सडक़ निर्माण कार्य का ठेका उदित इंफ्रा कंपनी के द्वारा लिया गया है और कंपनी के द्वारा सडक़ का निर्माण कार्य किया जा रहा है। साथ ही कंपनी के द्वारा मार्ग में पडने वाले छोटे एवं पुराने पुल-पुलियों का भी पुर्ननिर्माण किया जा रहा है।

इसी के तहत जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मुंगवानी कला के समीप जाम की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित नदी में पुल निर्माण कार्य किया गया, पुल निर्माण के दौरान नियमानुसार निर्माणस्थल के समीप से डायवर्सन मार्ग देना होता है ताकि यातायात ना रूक सके। लेकिन उदित इंफ्रा कंपनी के द्वारा बिना डायवर्सन मार्ग बनाये ही पुल का निर्माण कार्य किया गया और निर्माण के दौरान उक्त मार्ग का यातायात ग्राम पंचायत मुंगवानी, सापापार के अंदर से मोड़ दिया गया।

निर्माण कंपनी के भारी भरकम मशीन और निर्माण सामग्री लेकर डंपर, हाईवा सहित सडक़ पर दौडने वाले यात्री एवं मालवाहक वाहन की आवाजाही के चलते ग्राम पंचायत मुंगवानी



कला के द्वारा बनायी गई सीसी रोड पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। उक्त मामले को लेकर ग्राम पंचायत मुंगवानी कला के सरपंच श्रीमती दीपा अंकित सिंह ठाकुर के द्वारा विधायक, जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत की गई। मुख्यमंत्री से शिकायत करने के बाद मुख्यमंत्री के द्वारा मार्ग निर्माण हेतु संबंधितों को आदेशित किया गया।

जिला कलेक्टर को पंचायत के द्वारा की गई शिकायत में बताया गया कि उदित इंफ्रा कंपनी के द्वारा ब्रिज निर्माण के दौरान डायवर्सन नहीं दिये जाने के चलते यातायात को ग्राम पंचायत की सीसी सडक़ से मोडने के कारण 450 मीटर सीसी रोड खराब हो गई है।

### जिला कलेक्टर कार्यालय में भी शिकायत की गई थी लेकिन आज तक उक्त शिकायतों पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की गई

उक्त मार्ग के निर्माण के लिए विधायक सिवनी के द्वारा पूर्व में भी अनुशंसा पत्र एमपीआरडीसी को जारी किया गया था जिस पर भी आज दिनांक तक कोई कार्यवाही की गई है। साथ ही उल्लेखित किया गया उक्त मामले की 06 अगस्त 2024 को जिला कलेक्टर कार्यालय में भी शिकायत की गई थी लेकिन आज तक उक्त शिकायतों पर किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की गई। ग्राम पंचायत मुंगवानी कला की सरपंच श्रीमती दीपा अंकित सिंह के द्वारा जिला कलेक्टर एवं विधायक से ग्राम सापापार की 450 मीटर नष्ट की गई सीसी रोड का निर्माण कराये जाने एवं कंपनी के द्वारा किये जा रहे तकनीकी बिंदुओं को दरकिनार कर कार्य की जांच कर कार्यवाही की मांग की गई है।

# लखनादौन में मनाया गया संविधान दिवस, बसपा द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

सिवनी जिले के अंतर्गत आने वाली तहसील लखनादौन में आज 26 नवंबर 2025 दिन बुधवार को लखनादौन के तहसील प्रांगण में स्थित परम पूज्य बाबा साहब डॉ आंबेडकर के प्रतिमा स्थल में बड़ी संख्या में बाबा साहब अंबेडकर के अनुवाई उपस्थित हुए सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा में माल्यार्पण के साथ कैंडल जलाकर बाबा साहब के चरणों में पुष्प अर्पित किए और संविधान दिवस कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं के द्वारा बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान जो उनके अथक मेहनत और प्रयास से देश को समर्पित किया गया उन्होंने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सर्वोच्च संविधान है जिसे भारत देश ही नहीं अपितु पूरा विश्व बाबा साहब द्वारा रचित संविधान का गुणगान कर रहा है यह संविधान बनने 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा था भारत के संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया था इसी बीच उपस्थित लोगों द्वारा बाबा साहब के जय जयकार के नारे



लगे जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा साहब का नाम रहेगा बाबा साहब अमर रहे भारतीय संविधान अमर रहे इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उमाकांत बंदेवार जॉन प्रभारी बसपा,डी एल बकोड़े जिला प्रभारी सिवनी,लाल सिंह नंदौरे जिला अध्यक्ष सिवनी,चेतराम बकोड़े छब्बीलाल कमलेशिया एडवोकेट नरेंद्र अहिरवार एडवोकेट उमेश गोल्हानी अब्दुल अजीज खान राजेंद्र बिहुनिया राजेश नेमा राजेश अहिरवार राम सिंह रजक हीरालाल अहिरवार बैजनाथ झरिया श्याम सिंह अहिरवार व नगर के अन्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### बरघाट जनपद में मनाया गया संविधान दिवस

बरघाट - शासन के निर्देशानुसार 26 नवम्बर को जनपद पंचायत बरघाट में संविधान दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में अमृतलाल धुर्वे तहसीलदार बरघाट, श्रीमति प्रतिभा परते मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बरघाट, केवलप्रसाद परते खण्ड पंचायत अधिकारी जनपद पंचायत बरघाट, समस्त एडीईओ, पीसीओ तथा जनपद के समस्त स्टॉफ, कृषि विभाग बरघाट, शिक्षा विभाग बरघाट, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग बरघाट, आजीविका मिशन बरघाट के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# सहायक शिक्षक सुरेश ठाकुर निलंबित: नियमों की धज्जियाँ उड़ाकर विभाग की साख की कर दी तार-तार

**जिला शिक्षा विभाग में मंगलवार को उस समय भयंकर हड़कंप मच गया जब शासकीय ई.पी.ई.एस. ढूटेरा के सहायक शिक्षक श्री सुरेश कुमार ठाकुर को घोर वित्तीय अनियमितता, कदाचार और सरकारी सामग्री घर ले जाने जैसे गंभीर आरोपों में तुरंत निलंबित कर दिया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पूरा मामला तब उजागर हुआ जब प्राथमिक शाला झगरा की शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने जनसुनवाई में कलेक्टर के सामने खुलकर आरोप लगाया कि श्री ठाकुर ने सरकारी धन का मनमाने ढंग से उपयोग किया, और शाला की सामग्री तक निजी उपयोग के लिए घर ले गए। शिकायत मिलते ही विभाग चौकन्ना हुआ और विकासखंड शिक्षा अधिकारी केवलारी तथा बीआरसीसी केवलारी की संयुक्त टीम को जांच सौंपी गई। जाँच में जो तथ्य सामने आए, उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए।

**भंडार क्रय नियमों का खुला उल्लंघन**

अभिलेखों का बेहद लापरवाहीपूर्ण संधारण खर्चों का हिसाब-किताब गड़बड़ पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर देने में असफल जाँच रिपोर्ट मिलते ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने 25 नवंबर 2025 को आदेश जारी कर सुरेश ठाकुर को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिवनी निर्धारित किया गया है, जहाँ से वे आगे की विभागीय कार्यवाही का सामना करेंगे। उन्हें केवल जीवन निर्वाह भत्ता ही दिया जाएगा।

इस कार्रवाई ने विभाग के भीतर की व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। चर्चाएँ गर्म हैं कि अगर निष्पक्ष और गहराई से जांच की जाए तो ऐसे और भी मामलों के खुलासे हो सकते हैं, क्योंकि कई स्कूलों से अनियमितताओं की फुसफुसाहटें पहले से ही चल रही थीं। सिवनी का शिक्षा विभाग अब सुर्खियों में है, और यह मामला आने वाले दिनों में कई और परतें खोल सकता है।

# अवीरा सिंह ठाकुर ने मार्बल स्पून रेस में लिया प्रथम स्थान प्राप्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

नगर के सेंट फ्रांसिस स्कूल में पढने वाली कक्षा दूसरी की छात्रा कुमारी अवीरा सिंह ठाकुर ने मार्बल स्पून रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा छात्रा को प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। अवीरा की इस उपलब्धि ने परिवार सहित सभी को गौरांवित किया है एवं स्कूल परिवार सहित सभी शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

### शासकीय सिविल हॉस्पिटल लखनादौन में विशाल स्वैक्षिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**सिवनी।** शासकीय सिविल हॉस्पिटल लखनादौन में विशाल स्वैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया जिसमें कुल 38 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। एसडीएम रवि सिहाग, एसडीओपी अपूर्व भलावी सहित हॉस्पिटल स्टाफ एवं नगर के रक्तदाताओं ने रक्तदान किए। रक्तदान करने वरिष्ठ जन गणमान्य नागरिक, रक्तवीर, मातृशक्ति, मीडिया साथी, युवा शक्ति ,समाजसेवी आदि लोग पहुंचे। सिविल हॉस्पिटल लखनादौन में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक रक्तदान करने लोग पहुंचे। इसका आयोजन ब्लड स्टोरेज यूनिट, सिविल हॉस्पिटल लखनादौन द्वारा किया गया।

डॉक्टर ने बताया कि रक्तदान महादान जीवनदान है, रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए रक्तदान सभी को करना चाहिए। विशेष रूप से लखनादौन, घंसौर, धनोरा की गर्भवती महिलाएं जो गंभीर एनीमिक होती है उन्हें ब्लड स्टोरेज यूनिट से बिना बदले उपलब्धता में उपलब्ध होता है। अधिक मात्रा में उपलब्ध होने पर सामान्य मरीज को भी ब्लड दिया जाता है। आपका एक यूनिट ब्लड जीवन बचाता है। 300 एमएल ब्लडएक बार में निकलता है ना कोई कमजोरी ना कोई परेशानी , आसान प्रक्रिया है। हमे 60 वर्ष की आयु तक यदि स्वस्थ रहना है तो रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने के अनेक फायदे है। रक्तदान करने के बाद जो आनंद की अनुभूति होती है वह अकल्पनीय है। रक्तदान पुण्य कार्य है।

# पेंच टाइगर रिजर्व से एक बाघिन को राजस्थान भेजने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

राजस्थान में बाघों की नस्ल सुधारने के लिए मध्य प्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व से एक बाघिन को भेजने की तैयारी शुरू हो गई है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) से अनुमति मिलने के बाद राजस्थान और मध्य प्रदेश के पेंच टाइगर रिजर्व के अधिकारी नवंबर के अंत या दिसंबर की शुरुआत तक इस प्रक्रिया को पूरा करने में लगे हैं।

बाघिन को मध्य प्रदेश से राजस्थान तक कम समय में सुरक्षित रूप से स्थानांतरित करने के लिए भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर का उपयोग किया जाएगा। यह अंतर-राज्यीय बाघ ट्रांसफर (इंटर स्टेट टाइगर ट्रांसलोकेशन) राजस्थान के वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों में बाघों के जीन पूल में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

पहली बाघिन को पेंच टाइगर रिजर्व से राजस्थान के मुकुंदरा टाइगर रिजर्व भेजा जाएगा। राजस्थान वन विभाग ने योजना बनाई है कि यदि बाघिन को वहां अनुकूल वातावरण मिलता है, तो मध्य प्रदेशके पेंच और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के साथ-साथ महाराष्ट्र के ताडोबा और अंधेरी टाइगर रिजर्व से भी बाघ-बाघिन का ट्रांसफर किया जाएगा।




### हेलिकॉप्टर से बाघिन को ट्रांसफर किया जाएगा

यह ध्यान देने योग्य है कि एनटीसीए का हर चार साल में होने वाला अखिल भारतीय बाघ आकलन 1 दिसंबर से शुरू होना है। ऐसे में गणना शुरू होने से पहले बाघिन को राजस्थान भेजने का प्रयास किया जा रहा है। राजस्थान वन विभाग का दल 25 नवंबर को पेंच टाइगर रिजर्व पहुंचने वाला था, जिसे टाल दिया गया है।अब दल 1 दिसंबर तक बाघिन को ट्रांसफर करने के लिए सिवनी पहुंच सकता है। हेलिकॉप्टर की उपलब्धता तय होते ही ट्रांसफर प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ और कान्हा टाइगर रिजर्व से पहले भी एक बाघ और एक बाघिन को ओडिशा के सातकोसिया टाइगर रिजर्व में सडक़ मार्ग से सफलतापूर्वक भेजा जा चुका है।संभवतः यह पहली बार होगा जब किसी राज्य से दूसरे राज्य में बाघ का एयरलिफ्ट ट्रांसफर करने के लिए भारतीय सेना के हेलिकॉप्टर की मदद ली जाएगी। हालांकि, 2009 में राज्य के भीतर कान्हा टाइगर रिजर्व से पन्ना टाइगर रिजर्व में एक बाघिन केट्रांसफर के लिए हेलिकॉप्टर का उपयोग किया गया था।

महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से नए बाघ-बाघिन के राजस्थान के वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों में पहुंचने से वहां बाघों में आनुवंशिक विविधता बढ़ेगी। वन्यजीव विशेषज्ञों ने भी इस संबंध में सुझाव दिए थे। राजस्थान वन विभाग का मानना है कि वर्तमान समय में आनुवंशिक विविधता बढ़ाना जरूरी है। दरअसल नेशनल सेंटर फार बायोलाजिकल साइंसेज (एनसीबीएस) ने राजस्थान के रणथंभौर के 18 बाघों के डीएनए पर चार साल तक किए अनुसंधान में पाया है कि वहां के बाघों में देश के अन्य टाइगर रिजर्व के मुकाबले दोगुनी इन-ब्रीडिंग है। रामगढ़ टाइगर रिजर्व सहित राजस्थान के लगभग सभी टाइगर रिजर्व में रणथंभौर के ही बाघ-बाधिन है। इनमें कई पीढियों से हो रही इन-ब्रीडिंग के कारण इनमें शावकों को जन्म देने, उनके पालन-पोषण की और स्वयं की रोग प्रतिरोधक क्षमता लगातार घट रही है। इससे बहा बाघ बीमार पड़ रहे हैं।

### घंसौर एवं धनौरा के शतप्रतिशत प्राथमिक शालाओं में पहुंची डेस्क बेंच

**सिवनी /** जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के लिए बैठने की सुगम सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जनभागीदारी से 'गिफ्ट अ डेस्क' मुहिम संचालित की जा रही है। इस मुहिम के माध्यम से प्राथमिक शालाओं में डेस्क-बेंच की उपलब्ध कराकर शिक्षण वातावरण को मजबूत बनाना इसका प्रमुख लक्ष्य है। समाज, जनप्रतिनिधियों, संस्थाओं एवं प्रशासन के सहयोग से यह अभियान लगातार प्रभावी परिणाम दे रहा है।

# नरवाई प्रबंधन के लिए विकल्पों का किया जा रहा प्रचार-प्रसार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में फसल कटाई उपरांत नरवाई प्रबंधन के विकल्पों के संबंध में लगातार प्रचार-प्रसार कर किसानों को उचित मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसी क्रम में कृषि अभियांत्रिकी सिवनी द्वारा विकासखंड बरघाट के ग्राम-मशीन टोला के कृषक पुलकित गौतम के खेत में सुपर सीडर यंत्र के



उपयोग का सफल प्रदर्शन किया। लगभग 2 वर्ष पूर्व अनुदान पर लिये गये इस यंत्र से पुलकित गौतम ने स्वयं के साथ-साथ क्षेत्रीय अन्य किसानो का लगभग 400 घंटे कार्य कर लाभान्वित किया गया। जिससे यंत्रीकृत नरवाई प्रबंधन किया गया। समस्त कृषको से अनुरोध है कि फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्र सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, बेलर, श्रेडर / मल्चर, है रेक, स्लेशर आदि यंत्र अनुदान पर खरीदने के लिये ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर अधिक से अधिक आवेदन कर अनुदान का लाभ प्राप्त करे।

# जिला कांग्रेस ने मनाया संविधान-दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

स्वतंत्र भारत की अमूल्य धरोहर, भारत देश की आत्मा भारतीय संविधान के अंगीकार दिवस 26 नवम्बर 2025 को ''संविधान-दिवस'' के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में मनाया गया, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडक़र जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का अदुतीय संविधान है जिसके मूल्यों का पालन कर कांग्रेस पार्टी ने भारत को अखण्ड भारत के रूप में विश्व में स्थापित किया है, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने उपस्थित कांग्रेस जनों को सम्बोधित करते हुये कहा कि भारत को एक गणराज्य के रूप में स्थापित करने के लिए संविधान की महत्वत्ता को समझते हुये कांग्रेस के अनेक नेताओं ने भारतीय संविधान की स्थापना की जिसे 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल ने कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वाले भारतीय गणराज्य के नागरिक है, वर्तमान में देश में सत्तासीन भाजपा सरकार भारतीय संविधान को किनारे कर हटधर्मिता से देश चलाना चाह रही है। कांग्रेस नेता विष्णु करोसिया ने संगोष्ठी को आगे सम्बोधित करते हुये संविधान के द्वारा प्रदृत्त मूल अधिकारों की विस्तृत जानकारी समस्त कांग्रेस जनों से साझा की। संगोष्ठी का संचालन करते हुये शिव सनोडिया ने कहा कि भारतीय संविधान देश में समता, समानता, न्याय और स्वतंत्रता की अवधारणा को पूरा करता है भारतीय संविधान देश के सर्वांगीण विकास में एक आधार स्तम्भ है बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा रचित भारतीय संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप चलकर ही हम हमारे देश की आजादी में शहीद हुये नेताओं को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते है। संगोष्ठी का आभार प्रदर्शन जिला एनएसयुआई अध्यक्ष धनंजयसिंह द्वारा किया गया।

इस अवसर पर रामकुमार कुल्हाडे मासाब, पवन दिवाकर, अतुलचंद मालू, सुजीत नाहटा, विनोद यादव, यशपाल भलावी, आदित्य मोन्टू भूरा, एड़ राजगोस्वामी, विनोद नामदेव, धुरवनारायण चौधरी, गिडियन टी सिंह, शंकरलाल डहेरिया, श्रीमती गीता सिंह ठाकुर, प्रेमनारायण वारेश्वा, मोहनसिंह ठाकुर, रंजीत यादव, कैलाश अवधिया, ऋषभ सिंह ठाकुर, नरेन्द्र मिश्रा, मनीष अग्रवाल, एड़ अभिषेक गोस्वामी, आबिद हुसैन, देवांस यादव, हर्ष डहेरिया, अभिनेष डहेरिया, मयंक चौधरी सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

### उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तहत पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है.स्वस्थ मन और स्वस्थ तन से जीवन में उमंग की तरंग बहती है.यह बात नोडल अधिकारी और स्पोर्ट्स ऑफिसर के. सी. राउर ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कही। मध्य प्रदेश, शासन उच्च शिक्षा विभाग और आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त आयोजन के रूप में उमंग स्वास्थ्य कार्यक्रम पूरे प्रदेश में संचालित है।

शिविर का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने कहा कि स्वस्थ जीवन शैली ही सफलता का मूल मंत्र है . इसलिए , हमें तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए ध्यान देना होगा। शिविर में विद्यार्थियों की सामान्य की जांच के साथ आंखों, दांतों व ब्लड शुगर जांच की गई। स्वस्थ यकृत मिशन के तहत उंचाई, वजन और कमर की माप ली गई द्य किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता मानसी पलागर द्वारा बीएमआई अनुसार कम वजन वाले युवाओं को पोषक तत्वों से युक्त आहार के बारे में बताया गया। वहीं अधिक वजन या मोटापा वाले युवाओं को फास्ट फूड से बचने और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी गई एवं आवश्यकतानुसार बैलेंस डाइट, न्यूट्रिशन काउंसलिंग की गयी।

### प्रदेश में तीन लाख लोगों द्वारा सस्वर गीतापाठ का विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा

## 1 दिसम्बर को जिले में धूमधाम से मनायी जाएगी गीता जयंती

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रदेश में विगत वर्ष की भांति एक दिसम्बर को गीता जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इसमें श्रीकृष्ण परंपरा के आचार्यों की सन्निधि में 3 लाख गीता प्रेमी श्रीमद भागवत गीता के 15 वें अध्याय के श्लोक का सस्वर पाठ करेंगे। कार्यक्रमों में गीता ज्ञान प्रतियोगिता, कृष्णायन-नृत्य नाटिका आदि का भी प्रदर्शन होगा। बालाघाट जिले में भी 01 दिसम्बर को जिला एवं तहसील स्तर पर गीता जयंती कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए तैयारियॉ प्रारंभ कर दी गई है।

आगामी 01 दिसंबर को जिले में विश्व गीता प्रतिष्ठानम एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित संयुक्त कार्यक्रम श्रीमद् भगवत गीता जयंती को संपन्न कराने के लिए विश्व गीता प्रतिष्ठानम बालाघाट के प्रतिनिधि मंडल के सदस्य श्री रत्नेश शिवहरे श्री गुरुदत्त तुरकर श्री शारदाप्रसाद पांडे श्री जयराम पांडे श्रीमती अंजुलता तुरकर द्वारा कलेक्टर श्री मृणाल मीना से भेंट कर आयोजन की जानकारी दी गई। गीता जयंती के कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की भी सहभागिता सुनिश्चित की गई है और इसमें जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विन उपाध्याय को समन्वय कर कार्यक्रम को विधिवत संपन्न करवाने कहा गया है।



विश्व गीता प्रतिष्ठानम के श्री रत्नेश शिवहरे द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश शासन और विश्व गीता प्रतिष्ठानम द्वारा पूरे मध्य प्रदेश के जिला स्तर पर 1100 एवं विकासखंड स्तर पर 500 व्यक्तियों के द्वारा श्रीमद् भगवत गीता के 15 अध्याय का पठन-पाठन किया जाएगा। उसके पूर्व गीता स्वाध्याय (गीताजी का विधिवत पूजन) किया जाएगा उसके उपरांत गीता जी के 15 वे अध्याय का पाठ कर प्रसाद वितरण किया जाएगा सभी भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूरे मध्यप्रदेश में 03 लाख लोगों द्वारा सस्वर गीता जी का पाठ कर विश्व रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। विश्व गीत पृष्ठानम के सभी कार्यकर्ता एवं प्रमुख द्वारा जिला एवं सभी तहसीलों के प्रबुद्ध जनों से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सफल बनाने की अपील की गई हैं।

## बैहर विधानसभा का एसआईआर कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन

### 221 बीएलओ को ईएफ डिजिटलाइजेशन शत-प्रतिशत पूरा करने पर प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-108 बैहर में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत गणना पत्रक डिजिटलाइजेशन कार्य में उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की गई है। 26 नवंबर 2025 को आयोजित कार्यक्रम में सभी 221 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिन्होंने अपने-अपने मतदान केंद्रों के गणना पत्रकों का शत-प्रतिशत डिजिटलाइजेशन समय पर पूरा कर लिया है। इस सम्मान समारोह में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम बैहर श्री अर्पित गुप्ता एवं तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार बैहर/बिरसा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बीएलओ के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बताया।




बैहर विधानसभा के कुल 321 मतदान केंद्रों में से 221 केंद्रों के बीएलओ ने कड़ी मेहनत और समयबद्धता के साथ अपने केंद्रों के गणना पत्रकों का सौ प्रतिशत डिजिटलाइजेशन पूरा किया है। विधानसभा क्षेत्र के कुल 2 लाख 37 हजार 371 मतदाताओं में से 2 लाख 24 हजार 62 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है, जो इस क्षेत्र के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। अधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि शेष मतदान केंद्रों के बीएलओ भी इसी तत्परता के साथ जल्द ही कार्य पूरा करेंगे तथा SIR प्रक्रिया को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## आज बालाघाट मुख्यालय में होंगी जिला पंवार क्षत्रिय संगठन युवा प्रकोष्ठ की आवश्यक बैठक

**हरिभूमि न्यज बालाघाट।** जिला पंवार क्षत्रिय संगठन,पंवार समाज जिला बालाघाट के युवा अध्यक्ष तपन राजा चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पंवार समाज संगठन जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन के निर्देशानुसार,जिला प्रबंध कार्यकारिणी के मार्गदर्शन एवं युवा प्रकोष्ठ के संरक्षकगणों के संरक्षण में जिला युवा प्रकोष्ठ के समस्त जिला पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई है।यह बैठक आज दिनांक 27/11/2025 को सुबह 11 बजे से बालाघाट मुख्यालय वार्ड 32 नर्मदा नगर स्थित पंवार मंगल भवन में संपन्न होगी। बैठक के संबंध में युवा अध्यक्ष तपन राजा चौधरी ने बताया की यह नवनियुक्त युवा पदाधिकारियों की नियुक्ति के पश्चात प्रथम बैठक है, इसमें समाज के जिला अध्यक्ष विशाल बिसेन के द्वारा जिले के पंवार समाज के युवाओं को मार्गदर्शन एवं आगामी भविष्य में समाज हित में कार्ययोजन की जानकारी दी जाएगी साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व पत्रों का वितरण भी किया जाएगा।युवा अध्यक्ष तपन राजा चौधरी ने बताया की उनके द्वारा जिला पंवार क्षत्रिय संगठन युवा प्रकोष्ठ जिला बालाघाट के सभी युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का आह्वान किया गया है,उन्होंने मीडिया के माध्यम से समस्त युवा प्रकोष्ठ नवगठित कार्यकारिणी एवं जो युवक-युवती (18-35 वर्ष) आयु संगठन में जुडना चाहते हैं, वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज करने की अपील की है।




## जिले में 750 नल जल योजनाएँ पूर्ण, 607 योजनाएँ ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित

### ग्रामीण महिलाओं को मिली पानी की बड़ी सुविधा, अब घर-घर पहुँच रहा शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। विभाग ने बालाघाट जिले में संचालित 750 नल जल योजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया है, जिनमें से 607 योजनाएँ ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर दी गई हैं। इन योजनाओं के शुरू होने से अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल नल कनेक्शन के माध्यम से सीधे घरों तक पहुँच रहा है।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएल उइके ने बताया कि नल जल योजनाओं के क्रियान्वयन ने ग्रामीण महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या को कम किया है। पहले उन्हें पानी के लिए दूरस्थ कुओं, हैंडपंपों या पगडंडियों पर कतार में लगना पड़ता था, जिससे उनका समय और श्रम दोनों नष्ट होते थे। अब घर-घर नल कनेक्शन से यह परेशानी काफी हद तक समाप्त हो गई है।इन योजनाओं के सुचारू संचालन से न केवल स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बढ़ी है, बल्कि स्वास्थ्य, स्वच्छता और दैनिक जीवन पर भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने इस सुविधा के लिए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।



### कृष्ण लॉन में होगा किसानों का महासम्मेलन

**लालबर्रा।** किसान संघ लालबर्रा द्वारा किसानो की मांगों एवं समस्याओं को लेकर आज 27 नवम्बर को समय 11:00 बजे से स्थान कृष्णा लान लालबर्रा में किसान सम्मेलन रखा गया है जिसमें लालबर्रा क्षेत्र के सभी किसान उपस्थित होंगे आप सभी किसान भाईयों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में किसान सम्मेलन में उपस्थित होकर अपनी मांगों को मनवाने हेतु कार्यक्रम में पहुंचने की कृपा करें।

## उकवा ग्राम पंचायत मे निर्माण कार्य शुरू होने से खिल उठे ग्रामीणों के चेहरे

**हरिभूमि न्यूज उकवा।** जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उकवा के ग्राम पानी टोला में 15 वाँ वित्त एवं मनरेगा योजना के अंतर्गत स्वीकृत राशि 6.46 लाख की लागत से आरसीसी नाली का निर्माण कार्य राकेश नागेश्वर की दुकान से कपूर चंद बोम्प्रे की दुकान तक कराया जा रहा है पानी टोला में चल रहे नाली निर्माण कार्य से पानी टोला के ग्रामीण राहत की सांस ले रहे हैं । दरअसल कई वर्षों से बरसात के मौसम में पानी टोला के ग्रामीणो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था बरसात की एक ही पानी में सड़क मे बाढ़ आ जाती थी और पानी टोला में रहने वाले कई ग्रामीणों के घर में पानी घुस जाता था जिससे मिट्टी के मकान कच्चे मकानो के धराशाई होने का खतरा बना रहता था । इसी तरह पानी टोला वार्ड नंबर 12 में भी बरसात के मौसम में सड़क दलदल बन जाती है इस सड़क मैं 15 वां वित्त एवं मनरेगा योजना के अंतर्गत स्वीकृत राशि 9,36 लाख की लागत सीसी सड़क एवं आरसीसी नाली का निर्माण कार्य संजू बर्वे के घर से राजू नागेश्वर के घर तक जल्द शुरू कर दिया जाएगा । पानी टोला के ग्रामीणों का कहना है कि नाली एवं सीसी सड़क बन जाने से ग्रामीण को अब बरसात के मौसम में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। श्रीमती रामवती मरावी सरपंच ग्राम पंचायत उकवा श्री शिव शंकर तिवारी उप सरपंच उकवा, पंच सुमित बांगरे, रमेश कुमार, जैक्सन सरभांग एवं श्रीमती सविता चौकसे के द्वारा निर्माण कार्य की जानकारी दी गई ।



## शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में पालक-शिक्षक बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2025 के परिणामों पर अभिभावकों से संवाद स्थापित करने के लिए 26 नवम्बर को पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस बैठक में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। इस दौरान 150 से अधिक अभिभावकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली, जिससे उनकी शिक्षा के प्रति सजगता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण परिलक्षित हुआ।बैठक के दौरान अभिभावकों ने विषय शिक्षकों से अपने बच्चों के-परीक्षा परिणाम, अध्ययन प्रगति, व्यवहार एवं नियमितता, कमजोरियों एवं सुधार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन का विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए उन्हें सीखने की प्रक्रिया में अधिक सक्रिय बनाने के लिए आवश्यक सुझाव साझा किए। संस्था प्राचार्य श्री सौरभ कुमार शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के लिए अभिभावकों की नियमित भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की प्रतिदिन विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करें।



## ग्राम पंचायत नवेगांव में डॉ.भीमराव आंबेडकर को नमन कर मनाया गया संविधान दिवस



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नवेगांव में बुधवार 26 नवंबर को 76 वां सविंधान दिवस मनाया गया । इस अवसर पर ग्राम पंचायत सभाकक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया और सविंधान के शिल्पकार डा.बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की छायाचित्र के समक्ष दिप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया । इस दौरान ग्राम पंचायत के सचिव जितेन्द्र चित्रीव के द्वारा भारतीय सविंधान के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दी और प्रस्तावना पढकर अवगत कराया गया । इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती सागरता बाई कटरे , मनक लाल कटरे ,संजू.राहगंडाले उपसरपंच, लक्ष्मी चंद हरिंनखेडे, अनिता बाई टेकाम, पाकेश हिवारे, सचिव जितेन्द्र चित्रीव, रेवनलाल तुरकर जीआरएस, सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## पी.एम.श्री शासकीय विद्यालय माटे में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पी.एम.श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माटे में संविधान दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का संविधान न केवल विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, बल्कि यह देश को लोकतांत्रिक, समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज बनाने की दिशा में मार्गदर्शन करता है।इसके पश्चात विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का पाठ किया गया।विद्यालय के विद्यार्थियों ने संविधान के मूल अधिकारों, कर्तव्यों पर क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। और विजेता टीम को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन और क्विज प्रतियोगिता विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक रमेश मेश्राम और निपेंद्र कुमार बिसेन द्वारा किया गया तथा तथा मीडिया प्रभारी एम . ए.कुरैशी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए आभार प्रदर्शन किया गया।यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों— न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता— को मजबूत करने हेतु प्रेरणादायी रहा।कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिका ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।







## महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में मनाया गया संविधान दिवस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट में आज संविधान दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुपूजन के साथ हुआ। इसके बाद छात्रों के द्वारा संविधान की थीम पर सभा का संचालन किया गया और शिक्षकों ने मिलकर भारतीय संविधान के महत्व और इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम की मुख्य विशेषता 'संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन' रहा, जिसमें सभी छात्रों, शिक्षकों और उपस्थित अतिथियों ने एक स्वर में प्रस्तावना पढ़कर संविधान के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। विद्यालय के शिक्षक श्री नीरज तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की आत्मा है, जो हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।उन्होंने बताया कि इस वर्ष की भारत के संविधान दिवस 2025 थीम "संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाकर एक प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र का निर्माण" है। यह थीम नागरिक जिम्मेदारी के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता पर बल देती है और नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं को, लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और एक न्यायपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी समाज के निर्माण में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करती है।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया ने सभी को संविधान दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संविधान बाबा साहेब अंबेडकर के उच्च आदर्शों को परिलक्षित करता है हमें इसकी मूल भावना का आदर करते हुए इसमें निहित अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए । विद्यालय में सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी ने कहा किकार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक मूल्यों, नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।संविधान दिवस का सफल आयोजन छात्रों में देशभक्ति की भावना को प्रबल करने के साथ-साथ उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी देता है।कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का अमूल्य योगदान रहा।



## पैसों का लालची देवेश पटले सांसद और विधायकों की प्रतिष्ठा को कर रहा धूमिल: किशोर समरीते

### मुख्यमंत्री अधोसंरचना, सांसद निधि, विधायक निधि और खनिज निधि के कार्य नियम विरूद्ध तरीके से कराने के लगाये आरोप

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लांजी-किरनापुर क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते ने बालाघाट जिले के जिला परियोजना अधिकारी प्रदीप कौरव द्वारा बिरसा के देवेश पटले के माध्यम से 150 करोड़ के कार्य सांसद निधि एवं विधायक निधि के नियम विरूद्ध किये जाने के मामले में आज दूसरे दिन मीडिया को एक सूची सौंपी और कहा की सांसद निधि के 9 कार्य एवं मुख्यमंत्री अधोसंरचना के 114 कार्य एवं सांसद निधि के 40 कार्य, इन सभी कार्यों को कराने के लिये देवे पटले ने 40 प्रतिशत राशि कमीशन के तौर पर अग्रिम दी यह गंभीर जांच का विषय है। श्री समरीते ने कहा की पूर्व सांसद ढालसिंह बिसेन के कार्यकाल में स्वीकृत राशि से बने सड़क और पुलिया बिरसा विकासखंड में सिर्फ कागजों में दिखाई देते हैं। देवे पटले का पैसों का लालच सांसद और विधायकों की प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहा है। सांसद और विधायक निधि का यह माफिया कलेक्टर की कार्यवाही से भी बच रहा है। इस मामले की सीबीआई जांच के लिये कलेक्टर को केंद्र को स्वयं रिकमेंट करना चाहिए यह अधिकार कलेक्टर के पास है। और कलेक्टर को अपने अधिकारों का उपयोग करना चाहिए तथा देवेश पटले द्वारा इन कार्यों से कमाई गई 50 करोड़ से अधिक की संपत्ति को जब्त करना चाहिए। इन सभी कार्यों को स्टीमेट, ड्राईंग डिजाईन एवं तकनीकी स्वीकृति के अनुसार कोई कार्य नहीं किया गया तथा सीवीसी गाईड लाईन 2007 का बिना पलायन किये देवेश पटले को मुख्यमंत्री अधोसंरचना, सांसद निधि, विधायक निधि सहित 200 से अधिक कार्य एक ही व्यक्ति को किस आधार पर दिये गये यह गंभीर जांच का विषय है। इस मामले की कलेक्टर सीबीआई जांच कराएं।



## शास.उच्च.माध्य.विद्यालय नगपुरा में विद्यार्थियों को सिखाएं खेती करने के गुर



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगपुरा में छात्र-छात्राओं को अध्ययन के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत जैविक खेती के प्रति जागरुक करते हुए विभिन्न प्रकार की फसलें व सब्जियां लगाकर विद्यार्थियों को शिक्षित और प्रशिक्षित कर रहे हैं । वही विद्यार्थियों द्वारा शाला परिसर के बाहर बैगन, गेंदा, टमाटर, मिर्च, गांजर, फूलगोभी, पत्ता गोभी, मूली, पालक, मेथी, प्याज इत्यादि सब्जियों का प्रदर्शन तैयार किया गया है जहां विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षक देवेंद्र नगपुरे के द्वारा मार्गदर्शन देकर प्रशिक्षित किया जा रहा है तथा व्यावसायिक शिक्षण के मार्गदर्शन से विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं इसी प्रकार संस्था के प्राचार्य चंद्रपाल उके ने बताया कि संस्था में नए सत्र से नवीन व्यावसायिक शिक्षा का संचालन किया जा रहा है जिससे विद्यार्थी अपनी रुचि अनुसार चयन करते हुए अध्ययन कर रहे हैं विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण व गेस्ट लेक्चर से भी परिचित किया गया है विद्यार्थी व्यावसायिक भ्रमण व गेस्ट लेक्चर में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं ।

## जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल एवं मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय क्विज कार्यक्रम का आयोजन 25 नवम्बर को उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में किया गया। जैवविविधता धरोहर एवं प्राकृतिक संसाधनो के संरक्षण के प्रति युवा और छात्र-छात्राओं को जागरुक करने व प्रतिभागियो को जैवविविधता, जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरण आदि विषय के संबंध में ज्ञान वर्धन करने के उद्देष्य से म.प्र.राज्य जैवविविधता क्विज का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में शासकीय, अशासकीय हाईस्कुल तथा हायरसेकण्ड्री विद्यालय की कुल 60 टीमो द्वारा प्रतिभागिता की गई। जिसमें प्रत्येक विद्यालय से चयनित 03 विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। क्विज का आयोजन समय दोपहर 12.30 से 1.30 बजे तक किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पत्र हल किए गए। उक्त क्विज में परिणाम निम्नानुसार रहा -विद्यालय कटंगी से प्रथम विद्यार्थी कु. कल्याणी मेश्राम, कु. रिया बिसेन, दिव्यम नेवारे संदीपनी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर से पंकज पिपलेवार, कु. खुशबु बिसेन, कु. अंशिका नेवारे द्वितीय व संदीपनी विद्यालय लेंडेझरी से कु. पूर्वा डोरस, कु. मानसी टेम्भरे, कु. सुहाना खरोले तृतीय स्थान प्राप्त किया।



कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक जैवविविधता बोर्ड लेकेश कुमार साहू एवं सहायक श्रीमती मेघावी विश्वकर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपादन करने में उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के शिक्षकों एवं वन विभाग के वन परिक्षेत्र बालाघाट सा. एवं लौगुर सा. के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ए.के. उपाध्याय जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट, विशेष अतिथि डॉ. सतीश चीले सेवानिवृत्त प्राचार्य, शरद ज्योतिषि प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट, श्रीमती विनिता फुलबेल उपवनमण्डलाधिकारी बालाघाट सा. एवं हिमांशु राय वनक्षेत्रपाल वन परिक्षेत्र अधिकारी बालाघाट सा. उपस्थित रहे।